पेज थ्री देहरादून

आईएमए पासिंग आउट परेड के दौरान जैंटलमैन कैडेटों को संबोधित करते राष्ट्रपति।



देहरादून, रविवार, 12 दिसंबर 2021

# हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### 22 विद्यार्थियों ने देखी सदन की कार्यवाही

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरीश चंद्र गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास के 22 छात्र–छात्राओं को भी आज उत्तराखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों को जानने का मौका मिला। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल की अनुमति पर हरिश चंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास के 22 छात्र–छात्राओं ने दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की संचालित कार्यवाही को देखा।

### कांग्रेस तो स्टिंग भी पचा गई थी और एक अपुष्ट पत्र को बना रही हौवा: चौहान

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस का प्रलाप हास्यास्पद के सिवाय कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम आवास का एक पत्र जिसकी सत्यता की अभी पुष्टि नहीं हुई है,लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जांच के आदेश देने से पहले ही आरोपी को तत्काल कार्यवाही कर ससपेंड कर दिया। बिना हस्ताक्षर के इस पत्र की सत्यनिष्ठा की अभी जांच भी होगी। लेकिन कांग्रेस ने ऐसी नैतिकता तब नहीं दिखाई जब स्टिंग सामने आए।

### स्पीकर अग्रवाल ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**संवाददाता** रायवाला। समर्पण सेवा मिशन वेलफेयर सोसायटी एवं ग्राम पंचायत हरिपुर कला के तत्वावधान में कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह के दौरान उपस्थित उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने दांपत्य जीवन में बंधने वाले सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। हरिपुर कला के एक स्थानीय वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह के दौरान समर्पण सेवा मिशन वेलफेयर सोसायटी एवं ग्राम पंचायत हरिपुर कला के संयुक्त सहयोग से 7 कन्याओं का विवाह कराया गया।

### दून नगर निगम की बोर्ड बैठक में रहेगा स्वच्छता पर फोकस

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम की आगामी बोर्ड बैठक 14 दिसंबर यानी मंगलवार को होगी। बैठक के संबंध में महापौर सुनील उनियाल गामा ने निगम अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और तय किया कि बैठक में पूरा फोकस स्वच्छता पर रहेगा। वर्ष 2022 को लेकर शुरू होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की रणनीति तय की जाएगी। स्वच्छता में योगदान देने वाले पार्षदों व कर्मचारियों, जागरूकता फैलाने वाले संगठन और समाजसेवियों को 'स्वच्छता दूत' के तौर पर सम्मानित किया जाएगा।

# आईएमए पासिंग आउट परेड में राष्ट्रपति ने ली परेड की सलामी

**पीओपी**

■ भारतीय सेना को मिले 319 नए सैन्य अधिकारी, 68 विदेश कैडेट भी पास आउट हुए

*सैन्य कौशल को सुधारने के लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युद्ध की तकनीक बदल गई है। इसलिए सैन्य अधिकारियों को इन तकनिकों को अपनाना होगा।*

—रामनाथ कोविंद, राष्ट्रपति।

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग भरते ही 319 जैंटलमैन कैडेट भारतीय सेना के अंग बन गए। इसके साथ ही मित्र देशों के 68 कैडेट भी पास आउट हुए। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बतौर निरीक्षण अधिकारी परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। उनके साथ में कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल हरिन्द्र सिंह और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर विजेता आनमोल गुरुंग भी मौजूद रहे। इसके बाद भावी सैन्य अफसरों की भव्य मार्चपास्ट हुई।

समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कैडेट्स को अवॉर्ड से सम्मानित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने सभी को राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को समर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने जेंटलमैन कैडेट को उन चुनौतियों



के बारे में बताया, जिनका आज हमारा राष्ट्र, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सामना कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के आधुनिक समय के खतरों से निपटने के लिए केवल शारीरिक और मानसिक दृढ़ता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सैन्य अधिकारी के रूप में अधिकारियों को एक रणनीतिक मानसिकता विकसित करनी होगी।

149 रेगुलर कोर्स और 132 टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स के कुल 387 जेंटलमैन कैडेट्स आज पासआउट हुए। इनमें 319 भारतीय सेना में शामिल हुए। 10 मित्र देशों के 68 जेंटलमैन कैडेट्स शामिल हैं। अकादमी ने अपने बहादुर पूर्व कैडेट जनरल बिपिन रावत, पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द परेड के समीक्षा अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। आईएमए में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर जेंटलमैन कैडेटों को बधाई दी। स्वॉर्ड ऑफ ऑनर का प्रतिष्ठित पुरस्कार एसीए अनमोल गुरुंग को प्रदान किया गया। जेंटलमैन कैडेट को ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पर रहने के लिए स्वर्ण पदक एसीए अनमोल गुरुंग को प्रदान किया गया। ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर रहे जेंटलमैन कैडेट के लिए रजत पदक बीओ तुषार सपरा को प्रदान किया गया।ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर रहे जेंटलमैन कैडेट के लिए कांस्य पदक बीसीए आयुष रंजन को प्रदान किया गया। जीसी कुणाल चौबीसा को तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम से मेरिट के क्रम में प्रथम आने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए रजत पदक प्रदान किया गया। ऑटम टर्म 2021 के लिए 16 कंपनियों के बीच ओवरऑल फर्स्ट खड़े रहने के लिए केरेन कॉय को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। विदेशी जीसी से मेरिट के क्रम में पहले स्थान पर रहने वाले जेंटलमैन कैडेट के लिए बांग्लादेश पदक बीओ सांगे फेनडेन दोरजी (भूटान) को प्रदान किया गया। इस पदक और बांग्लादेश ट्रॉफी की स्थापना इसी कार्यकाल से स्वर्णिम विजय वर्ष की स्मृति में की गई है। पासिंग आउट परेड में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटा. गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल रहे। उत्तर प्रदेश के 45, उत्तराखंड के 43, हरियाणा के 34, राजस्थान के 23, बिहार के 26, पंजाब के 22, मध्य प्रदेश के 20, महाराष्ट्र के 20, हिमाचल प्रदेश के 13, जम्मू कश्मीर के 11, दिल्ली के 11, तमिलनाडू के 07, कर्नाटक के 06, आंध्र प्रदेश के 05, चंडीगढ़ के 05, केरल के 05, झारखंड के 04, वेस्ट बंगाल के 03, तेलंगाना के 03, असम के 02, छत्तीसगढ़ के 02, गुजरात के 02, मणिपुर के 02, मिजोरम के 02, ओडिशा के 02, नेपाल मूल (भारतीय सेना) 01। इसके अलावा मित्र देशों के 68 विदेशी कैडेट भी पासआउट हुए।

## सैन्य अधिकारियों को रणनीतिक मानसिकता विकसित करनी होगी

**विश्वास**

■ आईएमए से पास आउट होने वाले कैडेट ऐसे ही हमेशा भारत के सम्मान की रक्षा करेंगे

**संवाददाता**



देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान भारतीय सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश के आधुनिक समय के खतरों से निपटने के लिए केवल शारीरिक और मानसिक दृढ़ता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सैन्य अधिकारी के रूप में अधिकारियों को एक रणनीतिक मानसिकता विकसित करनी होगी।

सैन्य कौशल को सुधारने के लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युद्ध की तकनीक बदल गई है। इसलिए सैन्य अधिकारियों को इन तकनिकों को अपनाना होगा।

उन्होंने जेंटलमैन कैडेट को उन चुनौतियों के बारे में बताया, जिनका आज हमारा राष्ट्र, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा झंडा दिवंगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत जैसे बहादुर पुरुषों के कारण हमेशा ऊंचा रहेगा। उन्होंने यहां आईएमए में प्रशिक्षित प्राप्त किया था। आईएमए से पास आउट होने वाले कैडेट ऐसे ही हमेशा भारत के सम्मान की रक्षा करेंगे।

### नहीं दिखी ऐतिहासिक बग्घी, न ही हेलीकाप्टर से बरसे फूल

**संवाददाता** देहरादून। तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलीकाप्टर हादसे में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन के कारण इस बार भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) की पासिंग आउट परेड सादगी के साथ हुई। सप्ताहभर से चले रहे कार्यक्रमों के साथ ही शनिवार को हुई पासिंग आउट परेड में भी काफी कुछबदलाव दिखे। निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग अफसर) राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द समारोह स्थल में बग्घी की बजाय कार से पहुंचे। सामान्य तौर पर निरीक्षण अधिकारी बग्घी से ही पहुंचते रहे हैं। समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए हर वर्ष हेलीकाप्टर से होने वाली पुष्प वर्षा भी इस बार नहीं की गई। अकादमी प्रबंधन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द समेत तमाम गणमान्यों अतिथियों के स्वागत की तैयारियों में जुटा था। इस बीच तमिलनाडु के कुन्नूर में हुए हेलीकाप्टर दुर्घटना के बाद पूरा परिदृश्य बदल गया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।